भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

राष्ट्रीय धन्वंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2024 के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ये पुरस्कार ऐसे आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान करने के लिए संस्थापित किए गए हैं जो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 2020 अथवा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्यता रखते हैं और जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना अपार योगदान दिया है। पुरस्कार विजेताओं को धन्वंतरी जयंती (धनतेरस) पर मनाए जाने वाले 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विवरण को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल http://awards.gov.in पर देखा जा सकता है। तदनुसार, 20 अगस्त, 2024 तक आवेदन/नामांकन प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

CBC 17201/11/0006/2425